दिनांक-22दिसंबर2019

स्वच्छभारतअभियान

स्वच्छएवंसुंदरभिलाई

प्रत्येक सप्ताह को गौसेवक दे रहे शहरी गौठान में अपनी सेवा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निर्मित शहरी गौठान में गौसेवक अपनी सेवाएं दे रहे हैं! सप्ताह के एक दिन प्रत्येक रविवार को गौ सेवक बड़ी संख्या में गौठान में मौजूद होते हैं प्रातः से उपस्थित होकर वे अपने हाथों से पौष्टिक आहार पशुओं को चारा के रूप में प्रदान करते हैं! आज गौठान में उपस्थित होकर परिसर के कुछ स्थलों पर पर्यावरण के दृष्टिकोण से वृक्षारोपण भी किया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया! गौ सेवकों की टीम में बच्चे , युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं आदि सम्मिलित हो रही है , इनके द्वारा पशुओं के लिए चारा भी प्रदाय किया जा रहा है! इनके इस सराहनीय कार्य से और लोग भी जुड़ते जा रहे हैं! शहरी गौठान मे पशुओं के लिए हरी सब्जियों का भी इंतजाम किया जाता है साथ ही चारा के लिए पर्याप्त मात्रा में पैरा की भी व्यवस्था की गई है! पारंपरिक तरीके से किए गए निर्माण एवं भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप होने के कारण आने-जाने वाले राहगीरों के लिए यह एक आकर्षण का केंद्र भी बन गया है! स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए यहीं पर नाश्ता एवं भोजन बनाकर विक्रय किया जा रहा है! पशु चिकित्सकों द्वारा लगातार पशुओं का चिकित्सा परीक्षण किया जा रहा है एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को पशु संबंधी परामर्श दिया जा रहा है! शहरी गौठान में गौ प्रेमियों के सहयोग करने से एवं प्रत्येक रविवार को अपना योगदान देने के कारण और अधिक रौनकता आ रही है! मां बमलेश्वरी सेवा सहायता समूह के द्वारा गौचारा सेवा के लिए अपील भी की जा रही है कि गौ माता को चारा प्रदान कर गौ सेवा का लाभ ले निश्चित रूप से इस अपील का प्रतिसाद मिलता हुआ नजर आ रहा है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी